	कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009 OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009 दूरभाष/TELE: 040-27843385 फैक्स/FAX:040-27810499	G20 भारत 2023 INDIA वसुधैव कुटुम्बकम् ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

(र.ले.नि., सिकंदराबाद की वेबसाइट के माध्यम से)

सं. प्रशा/।।।/2001/विविध/2022-23 **दिनांक: 17.02.2023**

सेवा में,

1. सभी उप-कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)
2. सभी अनुभाग (मुख्य कार्यालय में)

विषय: ब्रीफकेस/कार्यालय बैग/महिला पर्स दिए जाने - के संबंध में ।

संदर्भ: मुख्यालय कार्यालय का दिनांक 29.05.2020 का पत्रांक AN/14/14114/III/JCM/Briefcase

*****

वेतन लेवल-6 और उससे ऊपर के वेतनमान में सेवारत सभी पात्र अधिकारी/कर्मचारी, राजपत्रित न होने पर भी, किसी भी निजी/सरकारी निर्गम केंद्र से ब्रीफकेस/कार्यालय बैग/महिला पर्स खरीद सकते हैं। तथापि, संबंधित अधिकारी के वेतन लेवल के आधार पर राशि की प्रतिपूर्ति की पात्रता निर्धारित की गई है। ब्रीफकेस/कार्यालय बैग/महिला पर्स की खरीद हेतु नकद राशि की उच्चतम सीमा निम्नानुसार है:-

क्र.सं.	अधिकारी/कर्मचारी के पदनाम	वेतन लेवल (7वाँ के.वे.आ.)	पात्रता
1.	र.ले.नि./आई.एफ.ए. और समकक्ष	लेवल-14	रु.6500/-
2.	अपर नियंत्रक/संयुक्त नियंत्रक और समकक्ष	लेवल-13/12	रु.5000/-
3.	उप-नियंत्रक/प्रधान निजी सचिव और समकक्ष	लेवल-11	रु.4000/-
4.	सहा.नि./व.ले.अ./ले.अ./स.ले.अ./वरि.निजी सचिव और समकक्ष	लेवल-10-08	रु.4000/-
5.	निजी सचिव/वरि.अनु.अधि. और समकक्ष कर्मचारी (ग्रेड वेतन रु.4600/- अथवा उससे अधिक)	लेवल-7	रु.3500/-
6.	व.ले.प./डी.ई.ओ-सी/आशुलिपिक/कनि.अनु.अधि. (वेतन लेवल-6)	लेवल-6	रु.3500/-

इस संबंध में सूचित किया जाता है कि दावे प्रस्तुत करते समय सभी संबंधित अधिकारियों को निम्नांकित आवश्यकताओं की पूर्ति करनी होगी :

दावे के साथ अद्यतन वेतन पर्ची और आकस्मिक बिल सहित निर्गम केंद्र से प्राप्त बिल/रसीद की मूलप्रति संलग्न करें जिसमें जी.एस.टी नंबर अवश्य उपलब्ध होना चाहिए। उपरोक्त आवश्यकताओं को पूरी न करने वाले रसीदों को लेखापरीक्षा में स्वीकृत नहीं किया जाएगा ।

प्रतिपूर्ति हेतु खरीदी के लिए तीन वर्षों के अंतराल की अवधि की अनिवार्यता को देखते हुए सभी पात्रता-प्राप्त अधिकारी/कर्मचारी यह सूचित करते हुए एक प्रमाण-पत्र संलग्न करें कि पिछले तीन वर्षों में कोई ब्रीफकेस/कार्यालय बैग/महिला पर्स उन्हें प्रदान नहीं किया गया ।

आगे, यह सूचित किया जाता है कि संबंधित कार्यालय के "कार्यालय खर्च" शीर्ष के अधीन आबंटित निधि में से इस खर्च का वहन किया जाएगा । इस कार्यालय द्वारा जारी "वित्तीय शक्तियों के प्रत्यायोजन" के अनुसार दावों को संसाधित किया जाए ।

दावों को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 28.02.2023 है जिसके बाद बिलों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-

रक्षा लेखा उप-नियंत्रक (प्रशा)